प्रेषक,

महानिदेशक,
परिवार कल्याण, उ0प्र0
जगत नरायन रोड, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक– मा0शि0क0/जे0एस0वाई0/दिशा–निर्देश/2014–15/9375-75 दिनांक 24 दिसम्बर, 2014

**विषय– राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत "जननी सुरक्षा योजना" के वित्तीय वर्ष 2014–15 में संचालन हेतु दिशा निर्देश।**

महोदय,

प्रदेश में मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत शासनादेश संख्या–जी0आई0 136/5–9–07–9 (113)/05 टी0सी0 दिनांक 08.06.2007, शासनादेश सं0–3668/5–9.7–9(113)/2005, दिनांक 19.01.2008 तथा शासनादेश सं0–3667/5–9–08–9 (113)/05, दिनांक 05.03.2008 के अधीन "जननी सुरक्षा योजना" संचालित की जा रही है।

"जननी सुरक्षा योजना' राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं में संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहन प्रदान करने हेतु लागू की गयी शत–प्रतिशत केन्द्र द्वारा पुरोनिधानित योजना है। इसके अन्तर्गत सभी महिलाओं को सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों यथा–उपकेन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्रथम सन्दर्भ इकाई (एफ.आर.यू.) /जिला एवं राज्य स्तरीय समस्त चिकित्सालय/सरकारी एवं केन्द्रीय मेडिकल कालेज एवं केन्द्र सरकार के चिकित्सालयों यथा–रेलवे चिकित्सालय, पुलिस चिकित्सालय, सेना के चिकित्सालय, ई0एस0आई0 चिकित्सालय आदि के जनरल वार्ड में प्रसव कराने पर निम्नलिखित विवरण के अनुसार प्रोत्साहन धनराशि अनुमन्य है।

## 1. जननी सुरक्षा योजना से सम्बन्धित नवीन शासनादेश एवं उनका क्रियान्वयन–

**1.1. जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत आशा के भुगतान के सम्बन्ध में संशोधन हेतु शासनादेश–** वर्तमान में जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत आशा के भुगतान के सम्बन्ध में संशोधन हेतु शासनादेश संख्या–657/पॉच–9–2013–9(113)/05 दिनांक 15 मई 2013 द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं जो निम्नवत् हैं–

| क्रम सं0 | प्रोत्साहन धनराशि का प्राविधान | ग्रामीण क्षेत्र | शहरी क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | **लाभार्थी को दी जाने वाली धनराशि (रू0)** | 1400.00 | 1000.00 |
| 2 | **आशा को दी जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि (रू0)–** | | |
| | • राजकीय प्रसव इकाईयों में संस्थागत प्रसव हेतु गर्भवती महिलाओं को सहयोग प्रदान करने के लिये | 300.00 | 200.00 |
| | • लाभार्थी के एम0सी0पी0 कार्ड पर एम0सी0टी0एस0 नम्बर, मानकानुसार पूर्ण ए0एन0सी0 चेकअप | 300.00 | 200.00 |
| | आशा को दी जाने वाली कुल प्रोत्साहन धनराशि (रू0)– | **600.00** | **400.00** |

उपर्युक्त शासनादेश के अनुपालन में मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 द्वारा अपने पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/मातृ स्वास्थ्य/जे0एस0वाई0/8–6/13–14/934–75 दिनांक–30.05.2013 के माध्यम से विस्तृत दिशा–निर्देश प्रेषित किये हैं। ज्ञात रहे कि भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह संशोधन प्रदेश में गुणवत्तापरक प्रसव पूर्व देखभाल के माध्यम से विस्तृत मातृ–मृत्यु व नवजात मृत्यु दर को नियन्त्रित करने के उद्देश्य से किया गया है किन्तु इसकी अकेली जिम्मेदारी आशा की ही नहीं मानी जानी चाहिये। इस गतिविधि के सकारात्मक परिणामों के लिये आवश्यक है कि प्रत्येक चिकित्सा इकाई पर व आउटरीच सत्र में एक टीम के रूप में कार्य करते हुए प्रत्येक गर्भवती की प्रसव पूर्व जाँचें सुनिश्चित की जाएं। सभी मुख्य चिकित्साधिकारी शासनादेश संख्या–657/पॉच–9–2013–9(113)/05

दिनांक 15 मई 2013 के अनुपालन में उपर्युक्तानुसार सभी व्यवस्थायें लागू कर आशाओं के संशोधित भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें। यह सुनिश्चित करें कि व्यवस्थाओं के अभाव में आशाओं को मिलने वाली प्रोत्साहन धनराशि किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो।

**1.2. गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली गर्भवती महिलाओं को घरेलू प्रसव होने पर आर्थिक सहायता हेतु देय धनराशि में संशोधन सम्बन्धी शासनादेश–** प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश के शासनादेश संख्या–176/5–9–07–9(113)/05 टीसी दिनांक 08.06.2007 के प्रस्तर पाँच में दिये गये निर्देश में आंशिक संशोधन करते हुये नवीन व्यवस्था के अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली **सभी आयु वर्ग** की गर्भवती महिलाओं, जो घर पर कुशल सेवा प्रदाता के माध्यम से प्रसव कराती हैं, को गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर **प्रत्येक बच्चे के जन्म** पर प्रति प्रसव रू0– 500/– की आर्थिक सहायता अनुमन्य किया गया है जिसके लिये आवश्यक निर्देश प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 373/पाँच–9–2014–9 (113) 05 दिनांक 04 मार्च 2014 के द्वारा निर्गत किये गये हैं।

**1.3. जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत समस्त भुगतान एकाउण्ट पेयी चेक के माध्यम से किये जाने सम्बन्धी शासनादेश–** जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का भुगतान नगद या बियरर चेक के माध्यम से न करके एकाउण्ट पेयी चेक के माध्यम से ही किये जाने हेतु प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश के शासनादेश संख्या–3009/पाँच–9–2013–9 (113) 05 दिनांक 17 दिसम्बर 2013 द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। एकाउण्ट पेयी चेक के माध्यम से भुगतान न किये जाने को वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में माना गया है। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत सभी लाभार्थियों/महिलाओं का 'आधार' क्रमांक और/अथवा बैंक खाते का विवरण एम0सी0टी0एस0 डेटाबेस में पंजीकरण के समय अथवा एन्टीनेटल चेकअप के दौरान दर्ज कर लिये जाने का प्राविधान किया गया है। यदि गर्भवती महिलाओं का आधार क्रमांक और/अथवा बैंक खाता विवरण एम0सी0टी0एस0 डेटाबेस पंजीकरण अथवा एन्टीनेटल चेकअप के समय उपलब्ध न हो तो उन्हें ए0एन0एम0 व आशाओं के माध्यम से आधार क्रमांक के अन्तर्गत तत्काल पंजीयन कराने और बैंक खाता खुलवाने का परामर्श दिया जाना है। यदि कोई गर्भवती महिला एन्टीनेटल चेकअप के लिए पहले से न आये और सीधे प्रसव के समय केन्द्र पर आये और उसके नाम से कोई बैंक खाता या आधार क्रमांक न हो तो उसे बैंक खाता खुलवाने हेतु यथा सम्भव पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाना चाहिए। प्रत्येक दशा में लाभार्थियों का भुगतान प्रसव केन्द्र से डिस्चार्ज के समय एकाउण्ट पेयी चेक के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है, भले ही लाभार्थी का बैंक खाता खुला हो अथवा न खुला हो। ऐसा न किये जाने की स्थिति में उत्तरदायी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जानी है।

**इस सम्बन्ध में भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 28.08.2014 को आरम्भ की गयी "प्रधानमंत्री जन–धन योजना" का उल्लेख किया जाना समीचीन होगा जिसके अन्तर्गत सभी नागरिकों का बैंक बचत खाता खोला जाना है। यह अवसर है कि प्रदेश के प्रत्येक गाँव के सम्भावित लाभार्थियों के बैंक बचत खाते आशा कार्यकर्त्रियों के सहयोग से खुलवाने की कार्यवाही की जाये।**

वर्तमान में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के माध्यम से बिजनेस कॉरॉस्पोण्डेण्ट (बी0सी0) योजना का आरम्भ किया गया है एवं सभी जनपदों में ग्रामीण क्षेत्रों में इस नेटवर्क में कार्यरत कर्मचारियों के नाम व फोन नम्बर भी वित्त अनुभाग, एस0पी0एम0यू0–एन0एच0एम0 द्वारा जनपदों को प्रेषित कर दिये गये हैं। सभी ए0एन0एम0 व आशाओं को उनके क्षेत्र के बी0सी0 के फोन नम्बर उपलब्ध करा दें एवं स्पष्ट निर्देश दे दें कि वे अपने क्षेत्र के बी0सी0 से सभी पंजीकृत गर्भवती महिलाओं के बैंक खाते खुलवाने हेतु सम्पर्क कर लें।

2. **मान्यता प्राप्त प्राईवेट नर्सिंग होम/चिकित्सालय में संस्थागत प्रसव कराने की व्यवस्था–**राज्य स्तर पर विभिन्न सर्वेक्षणों के माध्यम से प्राप्त आंकड़ों से ज्ञात होता है कि लगभग 20–25 प्रतिशत संस्थागत प्रसव प्राईवेट नर्सिंग होम/चिकित्सालयों में हो रहे हैं। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत शासनादेश संख्या–3667/ 5–9–08–9(113)/05 चिकित्सा अनुभाग–9, दिनांक 05.03.2008

के द्वारा प्राईवेट नर्सिंग होम/चिकित्सालयों को मान्यता प्रदान किये जाने का प्राविधान किया गया है। चिकित्सा विभाग का उद्देश्य संस्थागत प्रसवों को बढ़ावा देना है अतः प्रत्येक जनपद में न्यूनतम एक प्राईवेट नर्सिंग होम/चिकित्सालय प्रति तहसील को चिन्हित कर शीघ्र मान्यता प्रदान करने की कार्यवाही आरम्भ करें।

ध्यान रहे कि प्राईवेट नर्सिंग होम/चिकित्सालयों में प्रसव कराने पर केवल बी0पी0एल0 श्रेणी की महिलाओं (लाभार्थी) को भुगतान अनुमन्य है। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत निजी नर्सिंग होम/चिकित्सालयों में प्रसव कराने वाली बी0पी0एल0 महिलाओं के सिजेरियन आपरेशन द्वारा प्रसव कराये जाने पर प्रति प्रसव रू0–1500.00 की दर से भुगतान निजी नर्सिंग होम को देय है, जो लाभार्थी/आशा को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त है।

वर्तमान में प्राइवेट नर्सिग होम के एक्रेडिटेशन की प्रक्रिया को पारदर्शी व सरलीकृत करने हेतु एक वेब–साईट लिंक विकसित किया गया है जिसमें **"Application with Self Assessment Form A"-** निजी चिकित्सालयों द्वारा भरा जायेगा जो कि ऑनलाइन है तथा एप्लीकेशन के साथ ही संलग्न रहेगा।

2.1. **Form A** को ही जिला स्तरीय निरीक्षण दल वेबसाइट से डाउनलोड कर प्रिन्ट कर लेगा एवं चिकित्सालय का भ्रमण कर प्रत्येक विवरण का भौतिक सत्यापन करेगा।

2.2. यह निरीक्षण दल एक संयुक्त निरीक्षण आख्या संलग्न प्रारूप पर हस्ताक्षर कर प्रत्येक दशा में एप्लीकेशन के दिनांक से 2 माह के भीतर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में जमा करेगा।

2.3. यदि प्रकरणगत चिकित्सालय में कमी पायी जायेगी तो कारण सहित वेबसाइट पर अंकित करेगा एवं अगले निरीक्षण की तिथि भी अंकित करेगा।

2.4. जिला स्वास्थ्य समिति एवं निजी सेवा प्रदाता के मध्य होने वाले **अनुबन्ध का नमूना पत्र** भी वेब–साईट पर उपलब्ध रहेगा जिसे वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा। **(pdf file)**

2.5. इसके अतिरिक्त एक **Dash board indicator** को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पर **"Self Assessment Form A"** - से लिंक करना होगा जिससे जनपदवार मासिक सारांश प्रत्येक माह प्राप्त हो सकेगा।

इस वेब–साईट के क्रियाशील होने पर सभी जनपदों को पृथक से विस्तृत दिशा–निर्देश एस0पी0एम0यू0–एन0एच0एम0/महानिदेशालय स्तर से प्रेषित किये जायेंगे।

3. **प्रदेश के 06 जनपदों में जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थी भुगतानों को आधार कार्ड से जोड़े जाने की व्यवस्था–** जननी सुरक्षा योजना को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर (DBT) योजना से सम्बद्ध किये जाने हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा 06 जनपदों (**श्रावस्ती, रायबरेली, इटावा, अमेठी, चित्रकूट एवं संतकबीरनगर**) को चयनित किया गया है। इस सम्बन्ध में भारत सरकार, जनगणना विभाग एवं एस0पी0एम0यू0–एन0आर0एच0एम0 के प्रतिनिधियों द्वारा दिनांक 07.06.2013 को राज्य स्तर पर आपके जनपद के जननी सुरक्षा योजना के प्रभारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक का उन्मुखीकरण किया गया है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के पत्र संख्या–एस.पी.एम.यू./मातृ स्वा./जे0एस0वाई0आ0कार्ड./8–7/2013–14/1398–6 दिनांक–02.07.2013 द्वारा इस वर्ष दिनांक 01 अक्टूबर 2013 से चयनित जनपदों में जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों का भुगतान डायरेक्ट बेनिफिट ट्रान्सफर (DBT) के माध्यम से आरम्भ किये जाने हेतु दिशा–निर्देश प्रेषित किये गये हैं।

4. **जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत उपकेन्द्रों की मान्यता–** यह हर्ष का विषय है कि जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2012–13 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2013–14 में 2,12,000 अधिक लाभार्थी लाभान्वित हुये हैं। किन्तु ग्रामीण अँचलों में संस्थागत प्रसवों को बढ़ावा देने के लिये सरकारी भवनों में स्थापित कुल उपकेन्द्रों के न्यूनतम 50 प्रतिशत उपकेन्द्रों को मान्यता प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस कार्य के लिये ऐसे सभी उपकेन्द्र जहां की ए0एन0एम0 प्रसव कराने में कुशल हों एवं ऐसे उपकेन्द्र जहां पर पूर्व से प्रसव हो रहे हों किन्तु एक्रेडिटेशन न होने की वजह से प्रसूताओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ न मिल पा रहा हो, उन्हें प्राथमिकता पर चिन्हित कर

उपकेन्द्र स्तर पर उपलब्ध धनराशि से मानक पूरे कराकर शीघ्रातिशीघ्र एक्रेडिट किये जाने की कार्यवाही पूर्ण कर लें जिससे उनके मानक पूरे हो जायें और उन केन्द्रों पर जननी सुरक्षा योजना का लाभ आरम्भ किया जा सके।

अपने जनपद में अधिक से अधिक उपकेन्द्रों को जननी सुरक्षा योजना के लिये अधिकृत एवं क्रियाशील किये जाने का सम्पूर्ण उत्तर दायित्व मुख्य चिकित्साधिकारी एवं उनके सहयोगियों का है। ऐसे आशा क्षेत्रों का चिन्हीकरण किया जाना चाहिए जहाँ 20 प्रतिशत से कम प्रसव संस्थागत हो रहे हैं। ऐसे क्षेत्रों के उपकेन्द्रों की ए0एन0एम0 का प्राथमिकता पर एस0बी0ए0 प्रशिक्षण करा दिया जाये। इस वर्ष इन क्षेत्रों में एस0बी0ए0 प्रशिक्षित ए0एन0एम0 को संस्थागत प्रसव कराने अथवा घरेलू सुरक्षित प्रसव कराने के लिये अतिरिक्त प्रोत्साहन धनराशि प्राविधानित है, जिसका विवरण सम्बन्धित अध्याय में उपलब्ध है।

5. **जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लक्ष्य निर्धारण एवं वित्तीय फांट–** "जननी सुरक्षा योजना" एक निरन्तर संचालित की जाने वाली योजना है जिसके लिये जनपदों पर धनराशि की उपलब्धता अति आवश्यक है। एस0पी0एम0यू0–एन0एच0एम0 के पत्र संख्या–एस0पी0एम0यू0/एन0आर0एच0एम0/मातृ स्वा0/जे0एस0वाई0/8–7/708–75 दिनांक 23.05.2014 के माध्यम से जनपद स्तर पर उपलब्ध आर0सी0एच0 फ्लैक्सीपूल खाते की अनस्पेण्ट/अनकमिटेड धनराशि से इस योजना के निरन्तर संचालन हेतु दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं। वर्तमान में जिला कार्ययोजना में जनपदों द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष भारत सरकार द्वारा इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2014–15 के लिये कुल 26,69,403 लाभार्थियों के लक्ष्य का अनुमोदन किया गया है। **जनपदवार लक्ष्य एवं कुल अनुमोदित धनराशि एफ0एम0आर0 कोड संख्या–ए.1.3 के अन्तर्गत संलग्नक–1 पर उपलब्ध है।** इसके सापेक्ष जनपदों को 75 प्रतिशत धनराशि अवमुक्त की जा रही है। शेष धनराशि जनपदो की प्रगति के आधार पर वित्तीय वर्ष 2014–15 के अन्तिम त्रैमास में अवमुक्त की जायेगी।

6. **जनपद स्तरीय प्रशासनिक व्यय–**

6.1. जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत जनपद स्तर पर प्राविधानित कुल धनराशि की 4 प्रतिशत धनराशि प्रशासनिक मद के अन्तर्गत अनुश्रवण, रिपोर्टिंग, आई0ई0सी0, योजना के सुचारू क्रियान्वयन, वेबसाइट एवं अन्य कार्यालय व्यय हेतु अनुमन्य है।

6.2. मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद स्तर पर एल–2 एवं एल–3 स्तर की प्रसव इकाइयों के प्रभारियों के साथ बैठक कर आवश्यकतानुसार सर्वसहमति से प्रशासनिक मद में उपलब्ध धनराशि के उपयोग का उपर्युक्त तालिका में दिए गए मदों के अन्तर्गत प्रस्ताव तैयार करेंगे जिस पर जिला स्वास्थ्य समिति से अनुमोदन प्राप्त कर व्यय करेंगे।

6.3. इस धनराशि का उपयोग सभी प्रसव इकाइयों पर कार्यक्रम के गुणवत्तापरक क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु किया जायेगा।

6.4. सुरक्षा कर्मी जनपद की परिस्थितियों के दृष्टिगत अति आवश्यक इकाइयों पर ही दिये जायें। मानव संसाधन एजेन्सी के माध्यम से अथवा श्रम नीति के अन्तर्गत ही रखे जायें।

6.5. प्रशासनिक मद में उपलब्ध राशि से निम्न कार्य किए जा सकते हैं –

| क्रम सं0 | प्रशासनिक व्यय हेतु अनुमन्य गतिविधियाँ |
|---|---|
| 1 | जनपद के एल–2 एवं एल–3 स्तर की प्रसव इकाइयों पर प्रसव कक्ष/जे0एस0वाई0 वार्ड की सफाई व्यवस्था |
| 2 | जनपद के एल–2 एवं एल–3 स्तर की प्रसव इकाइयों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर जे0एस0वाई0 की रिपोर्टिंग तथा वेब पेज फीडिंग हेतु पर कम्प्यूटर कर्मी की औचित्यपूर्ण वैकल्पिक व्यवस्था |
| 3 | जिला महिला चिकित्सालय पर सिक्योरिटी की औचित्यपूर्ण वैकल्पिक व्यवस्था |
| 4 | सभी स्तरों पर जे0एस0वाई0 फार्मेट, स्टेशनरी, रजिस्टर व अन्य लॉजिस्टिक आदि की व्यवस्था |

| | |
|---|---|
| 5 | जनपद के एल–2 एवं एल–3 स्तर की प्रसव इकाइयों एवं मेडिकल कॉलेज पर सौन्दर्यीकरण/पोस्टर, जे0एस0वाई0 एवं जे0एस0एस0के0 हेतु फार्मेट, स्टेशनरी, रजिस्टर व अन्य लॉजिस्टिक आदि की व्यवस्था |
| 6 | सभी प्रसव इकाइयों पर जे0एस0वाई0 एवं जे0एस0एस0के0 के प्रचार–प्रसार हेतु दीवार लेखन, पोस्टर व सौन्दर्यीकरण व्यवस्था |

7. **प्रदेश के 12 सरकारी मेडिकल कॉलेजों के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग हेतु 01 कम्प्यूटर कर्मी की व्यवस्था–** वर्ष 2014–15 के लिए जे0एस0वाई0 की रिपोर्टिंग तथा वेब पेज फीडिंग, मैटरनल डेथ रिपोर्टिंग में सहयोग हेतु पृथक से 01 कम्प्यूटर कर्मी की व्यवस्था हेतु रू0–10000.00 प्रतिमाह की दर से रू0–1,20,000.00 की धनराशि अवमुक्त की जा रही है। **यह धनराशि जनपदों के लिये अवमुक्त 4 प्रतिशत प्रशासनिक मद से पृथक है एवं राज्य स्तरीय जे0एस0वाई प्रशासनिक मद से प्रदान की जा रही है।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कृपया यह धनराशि मेडिकल कॉलेजों के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग को आबंटित कर उन्हें जानकारी दे दें।

8. **अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं रिपोर्टिंगः–**

8.1. जिला स्तर पर जिला स्वास्थ्य समिति इस योजना के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी है। समिति द्वारा इसके लिए जिला स्तर पर एक जिला नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

8.2. जनपद स्तर पर लाभार्थियों एवं आशाओं के लम्बित भुगतानों का साप्ताहिक अनुश्रवण किया जाय, इसके लिये जनपद स्तर पर विशेष रणनीति विकसित की जाय। अधोप्रगति वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर शिथिल कर्मियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

8.3. प्रत्येक मुख्य चिकित्साधिकारी का उत्तरदायित्व है कि वे अपने जनपद की सभी प्रसव इकाईयों तक जननी सुरक्षा योजना के क्रियान्वयन हेतु अद्यतन दिशा–निर्देश अवश्य पहुँचा दें, व तुलनात्मक प्रगति पर विस्तृत चर्चा कर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

8.4. आशाओं द्वारा गत 03 वर्षों में लायी जा रहे संस्थागत प्रसवों की तुलनात्मक प्रगति के आधार पर आशाओं को चेतावनी जारी करें एवं उनके कार्यो की समीक्षा ब्लाकवार कर प्रशासनिक/दण्डात्मक कार्यवाही हेतु रिपोर्ट वी0एच0एस0एन0सी0 को भी प्रेषित करें।

8.5. राज्य स्तर पर क्रियाशील जननी सुरक्षा योजना की वेबसाइट **www.jsyup.org** पर नियमित रूप से जनपदों को निर्धारित प्रारूप पर लाभार्थी के नाम, पता, सम्पर्क नम्बर, धनराशि के भुगतान का विवरण, आशा एवं ए0एन0एम0 के नाम आदि सहित 7 दिन पूर्व तक हुए समस्त प्रसवों की विस्तृत सूचना उपलब्ध करानी होगी जिसका नियमित अनुश्रवण राज्य स्तर पर किया जायेगा।

8.6. मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं उसके अधीन कार्यरत जनपदीय अधिकारी 10 प्रतिशत लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन करेगें। इस कार्य में जिलाधिकारी महोदय की सहमति से अन्य विभागों के अधिकारी भी सहयोग कर सकते हैं।

8.7. आगामी माह की 05 तारीख तक जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारी अपने जिले की जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत गत माह की भौतिक प्रगति एवं व्यय का मासिक विवरण समस्त अधिकृत प्रारूपों पर अनिवार्य रूप से जे0एस0वाई0 प्रकोष्ठ, परिवार कल्याण महानिदेशालय को (**mchjsy@gmail.com**), तथा वित्त नियंत्रक–एन0आर0एच0एम0 एवं महाप्रबन्धक–मातृ स्वास्थ्य, एस0पी0एम0यू0–एन0एच0एम0 को निर्धारित प्रारूपों पर उपलब्ध करायेंगे।

8.8. छः जनपद (श्रावस्ती, रायबरेली, इटावा, अमेठी, चित्रकूट एवं संतकबीरनगर) जहाँ आधार कार्ड लिंक पेमेन्ट सिस्टम लागू किया गया है, पृथक से भी जे0एस0वाई0 प्रकोष्ठ परिवार कल्याण महानिदेशालय, तथा वित्त नियंत्रक–एन0आर0एच0एम0 एवं महाप्रबन्धक–मातृ स्वास्थ्य, एस0पी0एम0यू0 को प्रगति की सूचना प्रेषित करेंगे।

9. **जनपदों को अवमुक्त की जाने वाली धनराशि की फांट/वित्तीय व्यवस्था**

9.1. जनपदों को अवमुक्त धनराशि का सदुपयोग उपर्युक्त दिशा–निर्देश के अनुसार करना सुनिश्चित करें। संलग्न तालिका में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों (घरेलू प्रसव, ग्रामीण क्षेत्रों के प्रसव, नगरीय

क्षेत्रों के प्रसव, आशा को देय धनराशि, मान्यता प्राप्त निजी नर्सिंग होम/चिकित्सालयों में बी0पी0एल0 महिलाओं के सिजेरियन आपरेशन पर निजी नर्सिंग होम को प्रति प्रसव रू0–1500.00 की दर से भुगतान हेतु देय धनराशि तथा प्रशासनिक मद) हेतु अलग–अलग निर्धारित शीर्षवार, मदवार धनराशि की फांट प्रदर्शित है।

9.2. जननी सुरक्षा योजना से सम्बन्धित समस्त भौतिक एवं वित्तीय अभिलेखों का रख–रखाव नियमानुसार किया जाय।

9.3. आशा को किसी भी स्थिति में नगद भुगतान नहीं किया जाय। प्रत्येक दशा में लाभार्थियों का भुगतान प्रसव केन्द्र से डिस्चार्ज के समय एकाउण्ट पेयी चेक के माध्यम से सुनिश्चित किया जाना है, भले ही लाभार्थी का बैंक खाता खुला हो अथवा न खुला हो। ऐसा न किये जाने की स्थिति में उत्तरदायी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जानी है। इसका नियमित रूप से अनुश्रवण जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा ब्लॉकों का भ्रमण कर किया जाये।

9.4. धनराशि का आबंटन मात्र आपको व्यय करने के लिये प्राधिकृत नही करता, अपितु वित्तीय नियमों, शासनादेशों एवं कार्यकारी समिति द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए, सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त ही व्यय नियमानुसार किया जाये। जिस कार्यक्रम/मद में धनराशि आबंटित की गयी है उसी सीमा तक व्यय नियमानुसार किया जाये।

9.5. व्यय से सम्बन्धित समस्त लेखाबहियॉं, बिल वाउचर्स व अन्य अभिलेखों को अपने स्तर पर सुरक्षित रखें एवं नियुक्ति मासिक कान्करेनट आडिटर, स्टेटच्यूरी आडिट, महालेखाकार की आडिट एवं सक्षम निरीक्षण अधिकारी हेतु उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

9.6. जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को ससमय व पूरा भुगतान सुनिश्चित किया जाय। अतः आकस्मिकता की स्थिति में लाभार्थियों अथवा आशाओं के भुगतान हेतु योजना के अन्तर्गत विभिन्न मदों में उपलब्ध धनराशि का उपयोग किया जा सकता है।

9.7. जनपद स्तर पर आकस्मिकता की स्थिति में भारत सरकार द्वारा प्रेषित वित्तीय दिशा–निर्देशों के क्रम में रोगी कल्याण समिति/अनटाइड फण्ड से जिला स्वास्थ्य समिति की अनुमति से धनराशि उधार ली जा सकती है जो बजट प्राप्त होने के पश्चात वापस की जायगी।

9.8. उपर्युक्त धनराशि के उपयोग में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी उत्तरदायी होंगे, अतः समस्त नियमों का अनुपालन कडाई से सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,
24/12/14

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

महानिदेशक
परिवार कल्याण

पत्रांक–मा0शि0क0/जे0एस0वाई0/दिशा–निर्देश/2014–15/9450-11 तद्‌दिनांक।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1 प्रमुख सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2 मिशन निदेशक, एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3 महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं, उ0प्र0 लखनऊ।
4 समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
5 समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
6 समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0।
7 समस्त मुख्य चिकित्साअधीक्षिका/अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय/जिलासंयुक्त चिकित्सालय, उ0प्र0।
8 महाप्रबन्धक, मातृ स्वास्थ्य/नियोजन, एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9 वित्त नियंत्रक–एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
10 समस्त मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक,एन0एच0एम0,उ0प्र0।
11 समस्त जिला कार्यक्रम प्रबन्धक–एन0एच0एम0, उत्तर प्रदेश।

संयुक्त निदेशक
मातृ शिशु कल्याण

संलग्नक - 1

# JSY 2014-15 Target Vs Budget release

| FMR- Code | | | Targets for 2014-15 | | | | | A.1.3.1 | A.1.3.2.a | A.1.3.2.b | A.1.3.2.c | A.1.3.4 | A.1.3.3 | | A.1.3.3 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S/N | Division | District | Home deliveries | Rural | Urban | C-sections | Incentives to ASHA | Home deliveries @ Rs 500.00 | Rural @ Rs 1400.00 | Urban @ Rs 1000.00 | C-sections @ Rs 1500.00 | Incentives to ASHA @ Rs 600.00 | 4% ADMIN | Funds Approval (75%) of Total for DAP | Budget for Gynae dptt of MCs (From State 1% |
| 1 | Agra | Agra | 296 | 41,180 | 8,336 | | 32,945 | 1.48 | 576.52 | 83.36 | 0 | 197.67 | 34.361 | 670.043 | 1.20 |
| 2 | Agra | Firozabad | 200 | 24,932 | 5,784 | | 19,944 | 1 | 349.048 | 57.84 | 0 | 119.664 | 21.102 | 411.491 | |
| 3 | Agra | Mainpuri | 100 | 18,088 | 2,008 | 50 | 16,279 | 0.5 | 253.232 | 20.08 | 0.75 | 97.674 | 14.889 | 290.344 | |
| 4 | Agra | Mathura | 50 | 20,861 | 1,734 | | 16,689 | 0.25 | 292.054 | 17.34 | 0 | 100.134 | 16.391 | 319.627 | |
| 5 | Aligarh | Aligarh | 100 | 37,416 | 6,604 | 60 | 29,932 | 0.5 | 523.824 | 66.04 | 0.9 | 179.592 | 30.834 | 601.268 | 1.20 |
| 6 | Aligarh | Etah | 132 | 15,518 | 1,414 | 40 | 12,414 | 0.66 | 217.252 | 14.14 | 0.6 | 74.484 | 12.285 | 239.566 | |
| 7 | Aligarh | Hathras | 50 | 19,541 | 2,034 | 50 | 14,656 | 0.25 | 273.574 | 20.34 | 0.75 | 87.936 | 15.314 | 298.623 | |
| 8 | Aligarh | Kasganj | 108 | 17,341 | 1,727 | 60 | 13,872 | 0.54 | 242.774 | 17.27 | 0.9 | 83.232 | 13.789 | 268.879 | |
| 9 | Allahabad | Allahabad | 445 | 64,845 | 7,200 | 60 | 51,876 | 2.225 | 907.83 | 72 | 0.9 | 311.256 | 51.768 | 1009.484 | 1.20 |
| 10 | Allahabad | Fatehpur | 190 | 31,708 | 2,024 | 20 | 25,270 | 0.95 | 443.912 | 20.24 | 0.3 | 151.62 | 24.681 | 481.277 | |
| 11 | Allahabad | Kaushambi | 40 | 31,660 | 1,668 | 20 | 30,080 | 0.2 | 443.24 | 16.68 | 0.3 | 180.48 | 25.636 | 499.902 | |
| 12 | Allahabad | Pratapgarh | 200 | 46,516 | 2,448 | 220 | 37,212 | 1 | 651.224 | 24.48 | 3.3 | 223.272 | 36.131 | 704.555 | |
| 13 | Azamgarh | Azamgarh | 348 | 52,724 | 480 | 40 | 44,815 | 1.74 | 738.136 | 4.8 | 0.6 | 268.89 | 40.567 | 791.050 | |
| 14 | Azamgarh | Ballia | 240 | 39,912 | 4,436 | 40 | 35,480 | 1.2 | 558.768 | 44.36 | 0.6 | 212.88 | 32.712 | 637.890 | |
| 15 | Azamgarh | Mau | 166 | 29,858 | 1,570 | 40 | 23,886 | 0.83 | 418.012 | 15.7 | 0.6 | 143.316 | 23.138 | 451.197 | |
| 16 | BAREILLY | BAREILLY | 200 | 36,577 | 4,521 | 200 | 29,262 | 1 | 512.078 | 45.21 | 3 | 175.572 | 29.474 | 574.751 | |
| 17 | BAREILLY | Budaun | 200 | 52,904 | 3,000 | 50 | 47,614 | 1 | 740.656 | 30 | 0.75 | 285.684 | 42.324 | 825.311 | |
| 18 | BAREILLY | Pilibhit | 200 | 20,487 | 1,308 | 20 | 16,564 | 1 | 286.818 | 13.08 | 0.3 | 99.384 | 16.023 | 312.454 | |
| 19 | BAREILLY | Shahjhanpur | 100 | 32,108 | 3,568 | 60 | 27,292 | 0.5 | 449.512 | 35.68 | 0.9 | 163.752 | 26.014 | 507.269 | |
| 20 | Basti | Basti | 200 | 42,403 | 2,232 | 50 | 39,422 | 1 | 593.642 | 22.32 | 0.75 | 236.532 | 34.17 | 666.311 | |
| 21 | Basti | Sant Kabir Nagar | 140 | 32,964 | 1,736 | 600 | 29,668 | 0.7 | 461.496 | 17.36 | 9 | 178.008 | 26.663 | 519.920 | |
| 22 | Basti | Siddharth Nagar | 180 | 38,465 | 785 | 40 | 34,619 | 0.9 | 538.51 | 7.85 | 0.6 | 207.714 | 30.223 | 589.348 | |
| 23 | Chitrakoot | Banda | 200 | 32,240 | 3,582 | 40 | 25,792 | 1 | 451.36 | 35.82 | 0.6 | 154.752 | 25.741 | 501.955 | |
| 24 | Chitrakoot | Chitrakoot | 25 | 19,706 | 609 | | 16,750 | 0.125 | 275.884 | 6.09 | 0 | 100.5 | 15.304 | 298.427 | |
| 25 | Chitrakoot | Hamirpur | 100 | 19,324 | 2,147 | | 17,392 | 0.5 | 270.536 | 21.47 | 0 | 104.352 | 15.874 | 309.549 | |
| 26 | Chitrakoot | Mahoba | 120 | 13,564 | 1,340 | | 10,852 | 0.6 | 189.896 | 13.4 | 0 | 65.112 | 10.76 | 209.826 | |
| 27 | Faizabad | Ambedkar nagar | 250 | 24,407 | 2,712 | | 21,966 | 1.25 | 341.698 | 27.12 | 0 | 131.796 | 20.075 | 391.454 | 1.20 |
| 28 | Faizabad | AMETHI | 100 | 34,672 | 3,852 | | 27,737 | 0.5 | 485.408 | 38.52 | 0 | 166.422 | 27.634 | 538.863 | |
| 29 | Faizabad | Barabanki | 150 | 55,840 | 2,940 | 40 | 50,252 | 0.75 | 781.76 | 29.4 | 0.6 | 301.512 | 44.561 | 868.937 | |
| 30 | Faizabad | Faizabad | 40 | 35,273 | 1,856 | 20 | 33,509 | 0.2 | 493.822 | 18.56 | 0.3 | 201.054 | 28.557 | 556.870 | |
| 31 | Faizabad | SULTANPUR | 20 | 32,165 | 8,041 | | 28,948 | 0.1 | 450.31 | 80.41 | 0 | 173.688 | 28.18 | 549.516 | |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | Gonda | BAHRAICH | 100 | 55,186 | 6,132 | 10 | 44,148 | 0.5 | 772.604 | 61.32 | 0.15 | 264.888 | 43.978 | 857.580 | |
| 33 | Gonda | BALRAMPUR | 200 | 31,160 | 1,298 | 60 | 26,486 | 1 | 436.24 | 12.98 | 0.9 | 158.916 | 24.401 | 475.828 | |
| 34 | Gonda | Gonda | 300 | 48,104 | 1,488 | 20 | 40,888 | 1.5 | 673.456 | 14.88 | 0.3 | 245.328 | 37.419 | 729.662 | |
| 35 | Gonda | SHRAWASTI | 80 | 31,692 | 2,096 | | 25,356 | 0.4 | 443.688 | 20.96 | 0 | 152.136 | 24.687 | 481.403 | |
| 36 | Gorakhpur | DEORIA | 240 | 46,954 | 1,956 | 40 | 37,563 | 1.2 | 657.356 | 19.56 | 0.6 | 225.378 | 36.164 | 705.194 | |
| 37 | Gorakhpur | Gorakhpur | 350 | 57,232 | 4,977 | 50 | 49,219 | 1.75 | 801.248 | 49.77 | 0.75 | 295.314 | 45.953 | 896.089 | 1.2 |
| 38 | Gorakhpur | Kushi Nagar | 200 | 58,028 | 3,056 | 60 | 49,324 | 1 | 812.392 | 30.56 | 0.9 | 295.944 | 45.632 | 889.821 | |
| 39 | Gorakhpur | Maharajganj | 100 | 40,942 | 836 | 15 | 39,713 | 0.5 | 573.188 | 8.36 | 0.225 | 238.278 | 32.822 | 640.030 | |
| 40 | Jhansi | Jalaun | 300 | 20,516 | 5,128 | 100 | 16,412 | 1.5 | 287.224 | 51.28 | 1.5 | 98.472 | 17.599 | 343.181 | |
| 41 | Jhansi | Jhansi | 150 | 23,420 | 2,895 | 20 | 18,736 | 0.75 | 327.88 | 28.95 | 0.3 | 112.416 | 18.812 | 366.831 | 1.2 |
| 42 | Jhansi | Lalitpur | 150 | 24,550 | 3,034 | | 20,868 | 0.75 | 343.7 | 30.34 | 0 | 125.208 | 20 | 389.999 | |
| 43 | Kanpur Nagar | AURAIYA | 200 | 19,820 | 404 | | 15,856 | 1 | 277.48 | 4.04 | 0 | 95.136 | 15.106 | 294.572 | |
| 44 | Kanpur Nagar | Etawah | 80 | 25,092 | 2,788 | 50 | 20,074 | 0.4 | 351.288 | 27.88 | 0.75 | 120.444 | 20.03 | 390.594 | 1.2 |
| 45 | Kanpur Nagar | FARRUKHABAD | 220 | 16,243 | 5,414 | 115 | 12,994 | 1.1 | 227.402 | 54.14 | 1.725 | 77.964 | 14.493 | 282.618 | |
| 46 | Kanpur Nagar | Kannauj | 70 | 19,152 | 3,952 | | 18,000 | 0.35 | 268.128 | 39.52 | 0 | 108 | 16.64 | 324.479 | 1.2 |
| 47 | Kanpur Nagar | KANPUR DEHAT | 136 | 22,913 | 1,206 | | 20,621 | 0.68 | 320.782 | 12.06 | 0 | 123.726 | 18.29 | 356.654 | |
| 48 | Kanpur Nagar | Kanpur Nagar | 50 | 26,605 | 13,104 | 50 | 23,945 | 0.25 | 372.47 | 131.04 | 0.75 | 143.67 | 25.927 | 505.580 | 1.2 |
| 49 | LUCKNOW | HARDOI | 30 | 56,860 | 2,450 | 40 | 45,488 | 0.15 | 796.04 | 24.5 | 0.6 | 272.928 | 43.769 | 853.490 | |
| 50 | LUCKNOW | Kheri | 300 | 64,749 | 1,755 | 100 | 59,569 | 1.5 | 906.486 | 17.55 | 1.5 | 357.414 | 51.378 | 1001.871 | |
| 51 | LUCKNOW | LUCKNOW | 80 | 25,032 | 27,165 | 50 | 19,012 | 0.4 | 350.448 | 271.65 | 0.75 | 114.072 | 29.493 | 575.110 | 1.2 |
| 52 | LUCKNOW | RAEBARELI | 160 | 37,774 | 1,988 | 50 | 33,996 | 0.8 | 528.836 | 19.88 | 0.75 | 203.976 | 30.17 | 588.309 | |
| 53 | LUCKNOW | Sitapur | 368 | 80,903 | 3,371 | | 72,003 | 1.84 | 1132.642 | 33.71 | 0 | 432.018 | 64.008 | 1248.164 | |
| 54 | LUCKNOW | Unnao | 60 | 39,456 | 3,432 | 50 | 33,534 | 0.3 | 552.384 | 34.32 | 0.75 | 201.204 | 31.558 | 615.387 | |
| 55 | MEERUT | Baghpat | | 11,612 | 1,292 | 20 | 9,292 | 0 | 162.568 | 12.92 | 0.3 | 55.752 | 9.262 | 180.602 | |
| 56 | MEERUT | Bulandshahar | 260 | 35,125 | 3,903 | | 31,612 | 1.3 | 491.75 | 39.03 | 0 | 189.672 | 28.87 | 562.967 | |
| 57 | MEERUT | GB Nagar | 126 | 6,600 | 9,110 | | 5,280 | 0.63 | 92.4 | 91.1 | 0 | 31.68 | 8.632 | 168.332 | |
| 58 | MEERUT | Ghaziabad | 60 | 7,052 | 10,576 | | 5,640 | 0.3 | 98.728 | 105.76 | 0 | 33.84 | 9.545 | 186.130 | |
| 59 | MEERUT | Hapur | 200 | 6,843 | 760 | 49 | 5,474 | 1 | 95.802 | 7.6 | 0.735 | 32.844 | 5.519 | 107.625 | |
| 60 | MEERUT | MEERUT | 100 | 22,464 | 3,064 | | 20,218 | 0.5 | 314.496 | 30.64 | 0 | 121.308 | 18.678 | 364.217 | 1.2 |
| 61 | Mirzapur | Mirzapur | 600 | 40,048 | 2,107 | 20 | 32,038 | 3 | 560.672 | 21.07 | 0.3 | 192.228 | 31.091 | 606.271 | |
| 62 | Mirzapur | Sonbhadra | 160 | 26,388 | 2,932 | 40 | 21,112 | 0.8 | 369.432 | 29.32 | 0.6 | 126.672 | 21.073 | 410.923 | |
| 63 | Mirzapur | SRN Bhadohi | | 23,247 | 1,224 | | 20,922 | 0 | 325.458 | 12.24 | 0 | 125.532 | 18.529 | 361.319 | |
| 64 | Moradabad | Amroha | 140 | 18,320 | 2,145 | 40 | 14,656 | 0.7 | 256.48 | 21.45 | 0.6 | 87.936 | 14.687 | 286.390 | |
| 65 | Moradabad | Bijnaur | 56 | 21,864 | 2,080 | | 17,492 | 0.28 | 306.096 | 20.8 | 0 | 104.952 | 17.285 | 337.060 | |
| 66 | Moradabad | Moradabad | 536 | 21,155 | 4,962 | 60 | 18,194 | 2.68 | 296.17 | 49.62 | 0.9 | 109.164 | 18.341 | 357.656 | |
| 67 | Moradabad | Rampur | 176 | 17,671 | 3,077 | 60 | 14,137 | 0.88 | 247.394 | 30.77 | 0.9 | 84.822 | 14.591 | 284.518 | |
| 68 | Moradabad | Sambhal | 51 | 23,579 | 1,241 | 50 | 22,400 | 0.255 | 330.106 | 12.41 | 0.75 | 134.4 | 19.117 | 372.779 | |
| 69 | Saharanpur | Muzaffarnagar | 50 | 23,597 | 3,526 | 40 | 21,237 | 0.25 | 330.358 | 35.26 | 0.6 | 127.422 | 19.756 | 385.235 | |
| 70 | Saharanpur | Saharanpur | 300 | 25,676 | 4,531 | | 21,237 | 1.5 | 359.464 | 45.31 | 0 | 127.422 | 21.348 | 416.283 | |
| 71 | Saharanpur | Shamli | 50 | 8,330 | 1,420 | 50 | 6,664 | 0.25 | 116.62 | 14.2 | 0.75 | 39.984 | 6.872 | 134.007 | |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 72 | Varanasi | chandauli | 120 | 27,896 | 568 | 200 | 26,224 | 0.6 | 390.544 | 5.68 | 3 | 157.344 | 22.287 | 434.591 | |
| 73 | Varanasi | Ghazipur | 125 | 47,713 | 1,484 | 40 | 38,172 | 0.625 | 667.982 | 14.84 | 0.6 | 229.032 | 36.523 | 712.202 | |
| 74 | Varanasi | Jaunpur | 40 | 55,905 | 1,729 | 20 | 44,724 | 0.2 | 782.67 | 17.29 | 0.3 | 268.344 | 42.752 | 833.667 | |
| 75 | Varanasi | Varanasi | 200 | 37,600 | 5,620 | 200 | 33,840 | 1 | 526.4 | 56.2 | 3 | 203.04 | 31.586 | 615.920 | 1.2 |
| **Total** | | | **12,164** | **2,396,267** | **260,972** | **3,589** | **2,037,359** | **60.820** | **33547.738** | **2609.720** | **53.835** | **12224.154** | **1939.848** | 37827.086 | **14.40** |